# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## चतुर्थ सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## बुधवार, दिनांक 10 सितम्बर, 2025

## कुल संख्या-23

| | |
|---|---|
| उप मुख्यमंत्री (उच्च शिक्षा) | 03 |
| उद्योग मंत्री | 03 |
| जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री | 03 |
| जल संसाधन मंत्री | 03 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 02 |
| राजस्व मंत्री | 03 |
| नगरीय विकास राज्य मंत्री | 03 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 03 |

### महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले के नाम पर शोधपीठ का गठन

98. (1314/उच्च शिक्षा) श्री भगवाना राम सैनी (104) क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

प्रदेश के किन-किन विश्वविद्यालयों तथा उच्च अध्ययन सस्थानों में महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले के नाम पर शोधपीठ की स्थापना की गयी है? यदि नहीं, तो क्या सरकार समस्त राजकीय विश्वविद्यालयों व उच्च अध्ययन संस्थानों में महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले के नाम से शोधपीठ का गठन कब तक करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

### रीको औद्योगिक क्षेत्र (डीडवाना) में मूलभूत सुविधाएं

99. (131/उद्योग) श्री यूनुस खान (121) क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र डीडवाना में रीको औद्योगिक क्षेत्र कहां-कहां व कब से स्थापित है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्र, डीडवाना में क्या-क्या मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या वर्तमान में संचालित औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ग्रामीण फीडर से की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार औद्योगिक इकाइयों के लिए पृथक से 33/11 के.वी. जीएसएस स्वीकृत कर जोड़ने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार जिला मुख्यालय डीडवाना में उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र कार्यालय स्थापित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सादुलपुर विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्य

100. (641/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी) श्री मनोज कुमार (सादुलपुर) (113) क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सादुलपुर में जल जीवन मिशन का कार्य कहां-कहां व किस-किस फर्म द्वारा किया जा रहा है? उक्त कार्य कब प्रारम्भ हुए व कब तक पूर्ण होने थे? समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने पर फर्म के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या दण्डात्मक कार्यवाही की गई? उक्त कार्यों को सरकार कब तक पूर्ण करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में उक्त योजना में सम्मिलित गांवों में से कितने गांवों में कार्य पूर्ण कर दिया गया तथा कितने गांवों में अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र में जहां पेयजल टंकियों का निर्माण हो चुका है, उनसे पेयजल का वितरण कब तक कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) विधान सभा क्षेत्र सादुलपुर में जल जीवन मिशन योजना में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो उक्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## टोडाभीम विधान सभा क्षेत्र के बांधों की मरम्मत

101. (681/जल संसाधन) श्री घनश्याम (50) क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र टोडाभीम में स्थित अधिकांश छोटे और मध्यम बांधों की मरम्मत और गाद (सिल्ट) सफाई का कार्य वर्षों से लंबित होने से उनकी जल भंडारण क्षमता में कमी आई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बांधों की मरम्मत व सफाई कार्य करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में विगत पांच वर्षों में कितने बांधों व नहरों की मरम्मत/सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र टोडाभीम में विगत पांच वर्षों में कितने बांधों में गाद की सफाई की गई और उनकी जल भंडारण क्षमता कितनी बढ़ी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मेड़ता विधान सभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का सर्वे

102. (913/राजस्व) श्री लक्ष्मण राम (141) क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र मेड़ता में माह जून व जुलाई, 2025 में हुई अतिवृष्टि से फसलों में हुए नुकसान के मुआवजे हेतु सर्वे या गिरदावरी करवाई गई है? यदि हां, तो उक्त सर्वे अथवा गिरदावरी के क्या मानदण्ड रखे गऐ थे? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुए फसल खराबे का मुआवजा देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बांसवाड़ा नगर परिषद में वार्डों का पुनर्गठन

103. (842/स्वायत्त शासन) श्री अर्जुनसिंह बामणीया (14) क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) नगर परिषद, बांसवाड़ा में किन-किन ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायतों को नगर परिषद में सम्मिलित करते हुए नये वार्ड बनाये गये व पुनर्गठित किए गये हैं? यदि हां, तो गठित वार्डों का जनसंख्या सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) वार्डों के पुनर्गठन/नवसृजन में जनसंख्या प्रतिशत में छूट देने के उपरान्त भी जिन वार्डों में अधिक असमानता है, क्या सरकार उक्त वार्डों के नये सिरे से पुनर्गठन/नवसृजन में संशोधन करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नवीन विद्युत उत्पादन इकाइयों की स्थापना

104. (721/ऊर्जा) श्री गोविन्द प्रसाद (48) क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) दिनांक 01 जनवरी, 2023 से माह जुलाई, 2025 तक राज्य में विद्युत उत्पादन की किन-किन नवीन इकाइयों में कितना विद्युत उत्पादन किया जा रहा है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त नवीन इकाइयों के निर्माण हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करवाकर

विद्युत उत्पादन कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## झालावाड़ डिपो की बन्द बस सेवा का पुर्नसंचालन

105. (969/परिवहन) श्री सुरेश गुर्जर (176) क्या परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विगत 18 माह में झालावाड़ डिपो से विभिन्न मार्गों पर संचालित बस सेवाओं को बंद कर दिया गया है? यदि हां, तो किस-किस मार्ग पर कब-कब? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त अवधि में झालावाड़ डिपो से कई बसों को दूसरे डिपो में स्थानांतरित कर दिया गया है? यदि हां, तो कितनी बसों को किन-किन डिपो में स्थानान्तरण किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार विभिन्न मार्गों पर बंद बस सेवाओं को पुनः प्रारम्भ करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) झालावाड़ डिपो में वर्तमान में चालक व परिचालकों के कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खेतड़ी विधान सभा क्षेत्र में विकसित खेल मैदान

106. (1136/युवा मामले एवं खेल) श्री धर्मपाल (83) क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

विधान सभा क्षेत्र खेतड़ी में विगत दो वर्षों में किन-किन ग्राम पंचायत स्तर पर खेल मैदान विकसित किए गए हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चित्तौड़गढ़ जिले में औद्योगिक इकाइयों द्वारा भू-जल दोहन

107. (1213/भू-जल) श्री चन्द्रभान सिंह चौहान (51) क्या भू-जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला चित्तौड़गढ़ में भू-जल दोहन कितना प्रतिशत है? विधान सभा क्षेत्रवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार जिला चित्तौड़गढ़ में हो रहे अत्याधिक भू-जल दोहन की रोकथाम के संबंध में मानदंड निर्धारित करने का विचार रखती हैं? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त जिले में स्थित औद्योगिक इकाइयों द्वारा किये जा रहे अत्यधिक भू-जल दोहन के संबंध में औद्योगिक इकाइयों के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल ईआरसीपी एकीकृत लिंक परियोजना की स्वीकृति

108. (630/जल संसाधन) श्री शान्ती धारीवाल (161) ―क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल ईआरसीपी एकीकृत लिंक परियोजना के प्रथम चरण में रामगढ़ व महलपुर बैराज-बारां, नवनेरा बैराज से बीसलपुर बांध एवं ईसरदा बांध को भरने के लिए 9600 करोड़ रूपये की स्वीकृति एवं कार्यादेश जारी किये जा चुके हैं? यदि हां, तो स्वीकृति एवं कार्यादेश की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त परियोजना में उक्त राशि से कहां-कहां पर, क्या-क्या कार्य कराये जाएंगे तथा उक्त कार्य कब तक पूर्ण कर लिये जायेंगे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## उदयपुर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत आवासीय योजनाएं

109. (513/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री फूल सिंह मीणा (98) ― क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र उदयपुर ग्रामीण में कई वर्षों से स्वीकृत आवासीय योजनाओं का कार्य किन-किन

स्थानों पर अपूर्ण है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त योजनाओं के लिए स्वीकृत बजट का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है? यदि हां, तो किन-किन योजनाओं में कितनी-कितनी राशि व्यय हुई तथा कितनी शेष है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त अपूर्ण आवासीय योजनाओं को पूर्ण करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नवीन तहसीलों का पुनर्गठन

110. (98/राजस्व) डा. ऋतु बनावत (24) क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या पूर्ववर्ती सरकार द्वारा गठित तथा वर्तमान में संचालित नवीन तहसीलों का पुनर्गठन कर विलय किया जा रहा है? यदि हां, तो क्यों?

(2) सरकार की किन-किन तहसीलों को किन मानकों के अनुसार विलय करने की योजना है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सिविल लाइन्स विधान सभा क्षेत्र में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत विकास कार्य

111. (1235/नगरीय विकास एवं आवासन) श्री गोपाल शर्मा (45) क्या नगरीय विकास एवं आवासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सिविल लाइन्स में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में कितने विकास कार्य कहां-कहां, कितनी-कितनी राशि के संचालित हैं? प्रत्येक कार्य का योजनावार नाम, स्थान, कार्य की प्रारंभ तिथि, निर्धारित समय-सीमा, अनुमानित लागत सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) माह जनवरी, 2023 से माह जुलाई, 2025 तक उक्त विधान सभा क्षेत्र में जेडीए द्वारा कौन-कौन से विकास कार्य कहां-कहां व कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किए गए हैं? प्रत्येक स्वीकृत परियोजना का नाम,

निर्माण प्रारंभ की तिथि, प्रस्तावित कार्य पूर्ण होने की दिनांक, समय-सीमा तथा अनुमानित लागत सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र में जेडीए द्वारा माह दिसम्बर, 2023 से जुलाई, 2025 तक कौन-कौनसी योजना व कार्य किन कारणों से कब-कब निरस्त या स्थगित किये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) उक्त विधान सभा क्षेत्र में किसी प्रोजेक्ट को स्वीकृति देने या निरस्तीकरण से पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से प्रोजेक्ट की उपयोगिता के संबंध में विचार-विमर्श किया गया था? यदि नहीं, तो स्वीकृति उपरान्त कार्य निरस्त किए जाने के क्या कारण रहे? क्या सरकार स्थगित किये गये प्रोजेक्ट को पुन: प्रारम्भ करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## फलौदी विधान सभा क्षेत्र में लम्बित कृषि कनेक्शन

112. (651/ऊर्जा) श्री पब्बाराम विश्नोई (87) क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में नये कृषि कनेक्शन की डिमांड राशि जमा करवाने के पश्चात भी कनेक्शन लम्बित है? यदि हां, तो क्या सरकार कृषि कनेक्शनों को समय पर जारी करने के लिए कोई नीति बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र फलौदी में वर्तमान में कितने कृषि कनेक्शन, किन कारणों से लम्बित है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## विराटनगर विधान सभा क्षेत्र के उपखण्ड पावटा व विराटनगर में तकनीकी महाविद्यालय की स्थापना

113. (1001/तकनीकी शिक्षा) श्री कुलदीप (33) क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र विराटनगर के उपखण्ड पावटा व

विराटनगर में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय/महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, भीम का भवन निर्माण

114. (124/कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता) श्री हरिसिंह रावत (193) क्या कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र भीम में औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, भीम में कब से संचालित है?

(2) उक्त केन्द्र का भवन निर्माण कार्य कब पूर्ण हुआ? यदि नहीं तो, क्या सरकार उक्त भवन के निर्माण में विलम्ब के लिये संवेदक के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र वर्तमान में अन्य स्थान पर संचालित है? यदि हां, तो कितने विद्यार्थी अध्ययनरत हैं व इनको प्रशिक्षण वर्तमान में कहां दिया जा रहा है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आसपुर विधान सभा क्षेत्र में संचालित पेयजल योजनाएं

115. (740/जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी) श्री उमेश मीणा (23) क्या जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र आसपुर के अंतर्गत विभिन्न कस्बों, ग्रामों एवं ढाणियों में पेयजल की कौन-कौनसी योजनाएं संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या उक्त क्षेत्र के विभिन्न कस्बों, ग्रामों एवं ढाणियों में उनकी जनसंख्या के अनुपात में निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है? यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर पंचायतवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या विधान सभा क्षेत्र आसपुर में सोम कमला अम्बा एवं अन्य परियोजनाओं से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है? यदि हां, तो किन-किन गांवों व ढाणियों को इन परियोजनाओं से जोड़ा जा चुका है तथा किन-किन गांवों व ढाणियों को जोड़ा जाना शेष है? शेष गांवों, ढाणियों को इन परियोजनाओं से कब तक जोड़ दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नवीन योजनाएं एवं कार्य स्वीकृत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कहां-कहां व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चाकसू विधान सभा क्षेत्र में नहरों से सिंचाई

116. (982/जल संसाधन) श्री रामावतार बैरवा (137) —क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

विधान सभा क्षेत्र चाकसू के किन-किन तालाबों व बांधों से सिंचाई हेतु नहरें निकल रही हैं? क्या उक्त सभी नहरों से वर्तमान में सिंचाई की जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चौहटन विधान सभा क्षेत्र में मां बाड़ी केन्द्र की स्थापना

117. (1140/जनजाति क्षेत्रीय विकास) श्री आदू राम मेघवाल (19) — क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि बजट 2024-25 में जनजाति समुदाय के बच्चों के लिए मां बाड़ी केन्द्रों की स्थापना करने की घोषणा की गई है? यदि हां, तो जिला बाड़मेर में कितने व कहां-कहां मां बाडी केन्द्र स्थापित किए गए? विधान सभा क्षेत्रवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र चौहटन के जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में नवीन मां बाड़ी केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती हैं? यदि हां, तो कब

तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## भादरा विधान सभा क्षेत्र में उप तहसील भिरानी का गठन

118. (228/राजस्व) श्री संजीव कुमार (171) क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा बजट 2024-25 में विधान सभा क्षेत्र भादरा में उप तहसील भिरानी खोलने की घोषणा की गई थी? यदि हां, तो उक्त उप तहसील भिरानी को अब तक प्रारम्भ नहीं करने के क्या कारण हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार स्वीकृत उक्त उप तहसील कार्यालय को प्रारम्भ करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

## जयपुर शहर की जीर्ण-शीर्ण सीवर लाइनों का नवीनीकरण

119. (265/स्वायत्त शासन) श्री कालीचरण सराफ (30) क्या स्वायत्त शासन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा अमृत योजना द्वितीय के अन्तर्गत जयपुर शहर की जीर्ण-शीर्ण सीवर लाइन के नवीनीकरण हेतु राशि स्वीकृत की गई थी? यदि हां, तो किस-किस विधान सभा क्षेत्र के लिए कितनी-कितनी राशि का आवंटन कब किया गया एवं किस-किस विधान सभा क्षेत्र में कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया?

(2) क्या यह सही है कि कई विधान सभा क्षेत्रों में कार्यादेश जारी होने के उपरान्त भी अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है? यदि हां, तो किस-किस विधान सभा क्षेत्र में किन कारणों से कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया? सरकार द्वारा उक्त योजना का कार्य कब तक प्रारंभ कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## विधान सभा क्षेत्र बांदीकुई में 220 केवी जीएसएस की स्थापना

120. (386/ऊर्जा) श्री भागचन्द टांकड़ा (106) क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बांदीकुई के भांवता में स्वीकृत 220 केवी जीएसएस के निर्माण हेतु संवेदक से किये गये अनुबंध की प्रति सदन की मेज पर रखें।

(2) भांवता में स्वीकृत 220 केवी जीएसएस का ऑनलाईन शिलान्यास कब किया गया तथा कार्यस्थल पर कार्य कब प्रारम्भ किया गया? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र बांदीकुई के भांवता में 220 केवी जीएसएस का ऑनलाईन शिलान्यास पश्चात् शिला पट्टिका लगाये बिना ही कार्य का शुभारम्भ करवाने वाले संबंधित संवेदक व अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 29 अगस्त, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव।**